हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 25 मई 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 सुशासन तिहार में प्रशासन पहुंचा आज जनता के...

12 गायत्री परिवार के युवाओं ने निकाली व्यसन मुक्ति के...




## खबर संक्षेप

### मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

गुरूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण टीवी एवं रेडियो के माध्यम से 25 मई को सुबह 11 बजे होगा। भाजपा मंडल गुरुर अध्यक्ष आनंद



शर्मा ने बताया उक्त कार्यक्रम को मंडल के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं को सुनना एवं सुनाया जाना है साथ ही सभी बूथों पर बूथ इकाई की बैठक किया जाना है व उक्त बैठक की उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज किया जाना है। उन्होने कहा सभी भारतीय जनता पाटएँ के कार्यकर्ता गण, पदाधिकारी गण, नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी, महामंत्रीगण एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, समस्त मोर्चा, प्रकोष्ट के जिला पदाधिकारी, जिला संयोजक, सहसंयोजक, उक्त कार्यक्रम में अपने अपने बूथों पर अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे।

### जिला कांग्रेस का कार्यक्रम आज, बघेल होंगे शामिल

**बालोद।** जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे सम्मिलित



होने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 मई को जिला मुख्यालय स्थित कार्यक्रम मे पहुंच रहे है। जिसके तहत वे विभिन्न कार्यक्रमो मे सम्मिलित होते हुए वे 2:30 बजे भिलाई निवास जिला दुर्ग से प्रस्थान करेंगे और शाम 4 बजे जय स्तंभ चौक जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बालोद पहुेंगें, जहां शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे। जिसके बाद वे शाम 6 बजे जय स्तंभ चौक राजीव भवन बालोद से कार के माध्यम से भिलाई निवास के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ट्रक-बाइक की भिड़ंत में एक किसान घायल

**बालोद।** ग्राम दरगहन मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाईक सवार किसान कलीराम साहू घायल हो गया। घायल के बेटे की रिपोर्ट पर गुरूवार को गुरूर थाने मे ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184, 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम डोकला निवासी मोहित कुमार साहू ने बताया कि 19 मई को पिता कलीराम साहू बाईक मे निजी काम से गुरूर गया था। रात म ग्राम डोकला आ रहा था। इस दौरान रात 8 बजे ग्राम दरगहन के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। बाईक से गिरने से सीना पैर व कंधे मे चोट लगी है। घटना के बाद घायल को सीएचसी गुरूर ले गए जहां से रेफर करने पर धमतरी के अस्पताल मे भर्ती कराए।

**हादसा :** एनएच 930 पर दल्लीरोड़ स्थित शिवनाथ कॉम्पलेक्स के पास हुआ हादसा

# सड़क हादसे में सात मवेशियों की मौत अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय की सड़क एक बार फिर गौ माता के खुन से लाल हुई है, जहां देर रात अज्ञात वाहन ने 8 मवेशी को टक्कर मार दी जिसमे से 7 मवेशी की मौत हो गई व एक मवेशी घायल अवस्था मे सड़क किनारे गौ सेवको को मिले। जिसके बाद गौ सेवको द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआईआर लिखाने के साथ घायन मवेशी का उपचार कराया व मृत मवेशीयो का अंतिम संस्कार किया। शहर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 930 पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसे मे सात मवेशियो की मौत हो गई। जबकि एक मवेशी गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा शनिवार तड़के करीब 2 से 5 बजे के बीच दल्लीरोड़ स्थित शिवनाथ कॉम्पलेक्स के सामने हुआ। जहां एक अज्ञात वाहन ने इन मवेशियो को कुचल दिया।

- एक घायल मवेशी का उपचार जारी, सात का किया अंतिम संस्कार
- गौ सेवा समिति अध्यक्ष यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

घटना की जानकारी सुबह होने पर मौके पर पहुंचे गौ सेवको ने देखा कि सात मवेशी मृत अवस्था मे पड़े है और एक मवेशी घायल अवस्था मे तड़प रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अजय यादव ने थाना पहुंचकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।





### गौपालकों की लापरवाही

गर्मी क दिनों मे मवेशियो को खुले मे छोड़ना, दूध देने के बाद मवेशियो को सड़को पर छोड़ देना एक गंभीर लापरवाही है, यह न केवल मवेशियो के लिए बल्कि आम लोगो के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। कई गौ पालक अपने मवेशियो को चिन्हित नही करते या ट्रैक नही रखते जिससे दुर्घटना होने पर जवाबदेही तय करना मु"किल होता है। वही वाहन चालको द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से ऐसी दुर्घटना भी हो रही है।

### मवेशियों के शव क्षत विक्षत हालत में मिले

गौ सेवको ने बताया कि दुर्घटना के बाद मवेशियो के शव क्षत विक्षत हालत मे थे, जिन्हे जेसीबी की सहायता से हटाकर अंतिम संस्कार किया गया। उन्होने नाराजगी जताते हुए कहा कि बार बार घटनाएं होने के बावजूद कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है।

स्थानीय नागरिको ने कहा हाईवे पर डिवाईडर नही होने, सड़क चौड़ीकरण मे देरी और मवेशियो को नियंत्रित करने के लिए कोई गौठान या कांजी हाउस जैसी व्यावस्था नही होने के चलते ऐसी घटनाएं आम होती जा रही है। लोगो सवाल उठाए कि मवेशी खुलेआम सड़को पर घूमते और बैठते नजर आते है, यह न केवल मवेशियो के लिए जानलेवा है बल्कि राहगिरो के लिए भी खतरा बन चुका है। गौ सेवको ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क सुरक्षा, मवेशियो के संरक्षण और अज्ञात वाहन चालको के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य मे इस तरह की घटनाओ को रोका जा सके।



# सांसद नाग ने निर्माणाधीन बालोद रेलवे स्टेशन का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सांसद भोजराज नाग ने बालोद निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का अवलोकन कर कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने बताया प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधा युक्त बनाने की अमृत भारत योजना के अंतर्गत एक दिन पुर्व ही उन्होंने देश के 103 रेलवेन स्टेशनों को लोकार्पित किया।

निर्माण कार्य पुर्ण होने पर रेलवे यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा रेलवे स्टेशन में मिलेगी। बालोद रेलवे स्टेशन का सांसद भोजराज नाग जी ने आज निर्माणाधीन अमृत भारत रेलवे स्टेशन का अवलोकन कर अधिकारियों से पूरी जानकारी प्राप्त की एवं शीघ्रता से रेलवे स्टेशन के निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए। रेल प्रशासन ने बताया कि भानुप्रतापपुर रेल्वे परिसर मे पृथक प्रवेश एवं निवास द्वार होगा, 10.50 मीटर चौड़ी पहुंच सड़क, सौदर्यीकृत गेट, उच्चतम प्रकाश, और लौह मूर्तिकला तथा सेल्फी पांईट के साथ प्रवेश द्वारा भी है, ताकि प्रवेश करना आसान हो। इसके अलावा दोपहिया और चारपहिया वाहनो के लिए पक्की सतह वाली प्रकाशयुक्त प्रकाश पांर्किग, दिव्यांगजनो के लिए पार्किग सुविधा और डबल रेड हैण्ड ग्रिप के साथ प्रवेश व निकास रैप, पीली पट्टीयो के साथ 9 स्टैटिअर आदि शामिल है। इसी तरह बुकिंग कॉन्कोर्स, अनारक्षित और आरक्षित टिकटिंग और स्वचालित टिकट वेडिंग मशीन की सुविधा। प्रतीक्षा कक्ष, पुरूश, ▶▶|शेष पेज 11 पर

# चार घंटे तक झमाझम बारिश मौसम के तेवर से हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शनिवार सुबह से ही काले काले बादल मंडराने के बाद लोग अपनी दिनचर्या में प्रारंभ करते उससे पहले ही लगभग 6.30 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश लगातार 4 घंटे जारी रही, जिससे जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। बारिश इतनी हुई मानो बरसात लग गई हो, नौतपा लगने के पूर्व हो रही बारिश ने लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि इतनी बारिश जब अभी हो रही है तो, बरसात में जरूरत के समय जरूर तड़फाएगा। इसके पूर्व शुक्रवार को करीब शाम 7 बजे कापसी, अछोली, खेरथा, देवरी बंगला क्षेत्र में 1 घंटे जमकर बारिश होने की सूचना मिली है। जब से रवि फसल की कटाई प्रारंभ हुई है तब से लगातार बारिश से किसान परेशान है, लोग अपनी फसल को जब सहेजने में लगे हुए हैं तब तब बारिश नुकसान करने में लगी हुई है, एक तो इस वर्ष किसान अपनी फसल का सही दाम नहीं मिलने से परेशान है और दूसरी ओर बारिश के चलते किसान और भी ज्यादा परेशान हो गया है। बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया है, लोगों को गर्मी से फिलहाल निजात मिली है। कूलर पंखे की डिमांड घटी-लगभग 15 दिनों से बारिश की आंख मिचोली के चलते इस वर्ष कूलर व पंखों की डिमांड कम हो गयी है, जिसके कारण दुकानदारों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

- झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### युवक की बेदम पिटाई 4 पर आपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम परसतराई मे चार लोगो ने शिव कुमार गजेन्द्र पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद युवक को घायल अवस्था मे राजनांदगांव के अस्पताल मे रेफर किया गया। अर्जुन्दा थाने मे 4 लोगो के खिलाफ धारा 109, 296, 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया गया हैं। पुलिस के अनुसार गुलाबचंद ने जानकारी दी है कि भाई शिव कुमार गजेन्द्र बलारसा चन्द्रपुर महाराष्ट्र मे ड्राईविंग काम करता है। 15 दिन पहले पैतृक जमीन के खाता विभाजन कराने परसतराई आया है। 22 मई को साप्ताहिक बाजार अर्जुन्दा मे सब्जी बेचने गया था। शाम को जब शिव नही दिखा तब पत्नी को पूछने पर जानकारी दी कि आपके मंझला भाई, भाभी व उनके दो बेटे ने शिव से मारपीट की है। गांव वाले अर्जुन्दा अस्पताल ले गए। जहां भाई शिवकुमार बेहोश था। अस्पताल मे मौजूद लोगो ने जानकारी दी कि चार लोगो ने डंडे, हाथ, मुक्का से मारपीट की। इससे सिर, चेहरा, नाक व शरीर के अन्य हिस्से मे अंदरूनी चोट लगी है। अर्जुन्दा से बेहोशी की हालत मे राजनांदगांव अस्पताल मे रेफर किया गया।




### जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम

# पुलिस लाइन में किया फायर डिमास्ट्रेशन एवं मॉक ड्रिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, जिला बालोद के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन बालोद मे फायर डेमोंस्ट्रेशन एवं मॉक ड्रिल किया गया। जिसमे एसपी पटेल, एएसपी, आरआई, टीआई और पुलिसविभाग के अधिकारी कर्मचारी को अग्नि सुरक्षा उपाय की जानकारी देते हुए एलपीजी मे लगी आग को कंट्रोल करने का तरीका बताते हुए आग को फैलने से रोकने की उपाय बता कर अग्नि दुर्घटना को लेकर सजग और सावधान रहने के प्रति जागरूक करते हुए फायर उपकरणों को चलाने की तरीका बताते हुए आग के प्रकार के बारे मे बताया गया की आग चार प्रकार के होते है। जिसमे ए श्रेणी के आग ठोस पदार्थ होता है, बी श्रेणी के आग तरल पदार्थ, सी श्रेणी के आग गैस होता है और उसी प्रकार डी श्रेणी के आग धातु, इलेक्ट्रानिक का आग होता है और कौन से श्रेणी के आग मे कौन सा अग्निश्मन संत्र का उपयोग किया जाता है साथ ही आग लगा हुआ बिल्डिंग से अपने आप को कैसे सुरक्षित तरीके से बाहर निकले के बारे मे बताया गया। फायर टीम से फायरमेन किशोर कुमार सेन, टिकेंद्रनाथ नायक, भोजराज, सैनिक रोहित साहू, सैनिक बेनु ठाकुर, सैनिक सजवण लाल, चालक सैनिक लेखु यादव के द्वारा डेमोस्टेशन का प्रदर्शन किया गया।

# केंद्रीय जेल में कैदी बना रहे एलईडी बल्ब, हर माह मिल रही मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जेल में सजा काट रहे कैदी अब रोजगार की दिशा में छनकर निकलेंगे। केन्द्रिय जेल में कैदी इन दिनों एलईडी बल्ब बनाकर रोजगार की दिशा में आग बढ रहे है, जेल प्रशासन का यह कार्य अन्य जिलों के लिए प्रेरणा श्रोत बन गया है। कैदी बल्ब तैयार करने के बाद इसे बाजार में अच्छे दाम पर बेचने की तैयारी भी है। जिसकी मजदूरी राशि कैदियों को हर माह दिया जाएगा।

दुर्ग केंद्रीय जेल में सबसे पहले एक्सपर्ट के जरिए दस लोगों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिसके बाद अब तक करीब पांच सौ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कम लागत वाले इस विधा के लिए जेल प्रशासन खुद ही आगे चलकर इन्हें रोजगारपरक बनाने में जूटा हैं। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर बताते है कि, जेल में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि, बंदी सिर्फ सजा न काटें, बल्कि समाज में लौटकर एक स्वावलंबी नागरिक बनें। जेल में बंदियों को बल्ब बनाने का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का असर अब साफ दिखने लगा है कि, बंदी हर दिन सैकड़ों की संख्या में बल्ब तैयार कर रहे हैं और वे अब केवल सीख नहीं रहे, बल्कि गुणवत्ता के साथ उत्पादन भी कर रहे हैं। बनाए गए बल्बों को स्थानीय बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे बंदियों को प्रैक्टिकल अनुभव मिल रहा है।

### आत्मनिर्भर की दिशा में बढ़ रहे आगे

इस योजना ने जेल की पारंपरिक छवि को पूरी तरह बदल दिया है। अब यह केवल सजा देने वाली जगह नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास का संस्थान बन चुकी है। यह बदलाव समाज को एक नया संदेश दे रहा है। बंदियों के परिवारों का रवैय्या भी बदला है। अब उन्हें लगने लगा है कि, उनके प्रियजन बदलाव की राह पर हैं। यह पहल उनके लिए नई शुरुआत और सामाजिक पुनः स्वीकार्यता की उम्मीद लेकर आई हैं।

## केंद्रीय जेल दुर्ग के कैदियों के हाथों से बने बल्ब से जेल परिसर भी हो रहा है रौशन, बाजार में बढ़ी बल्ब की डिमांड



### कैदियों के कपड़े भी वे ही बना रहे

जेल प्रशासन की माने तो केन्द्रिय जेल में कैदियों के लिए बनने वाले कपडे वे खुद ही तैयार करते है। बल्ब के आलावा यहां मैन्युफैक्चरिंग, स्कील डेव्लपमेंट सिखाया जा रहा है। जिसमें लघु लौह उद्योग, प्रिटिंग प्रेस, हैंडलूम, वस्त्र निर्माण, सिलाई के आलावा वर्तमान में सरसों तेल का लघु उद्योग का कार्य भी शुरू किया गया है।

### अच्छी रूचि



जेल प्रशासन का उछेश्य कैदियों को सजा कांटने के बाद रोजगारपरक बनाना है। जेल में बल्ब ही नही बल्कि, दर्जनभर से अधिक ट्रैड से भी पारंगत किया जा रहा है।

**-मनीष संभाकर**, जेल अधीक्षक दुर्ग

---

## खबर संक्षेप



### निषाद समाज अधिवेशन अब 2 जून को होगा

**अंडा।** फोटो। ग्राम भिलाई में जिला निषाद समाज बालोद के वार्षिक अधिवेशन की तैयारी लगभग सम्पूर्ण हो चुकी है, किंतु आकस्मिक मौसम के खराब हो जाने के कारण और मौसम का पूर्वानुमान करते हुए छत्तीसगढ़ निषाद समाज के अध्यक्ष एवम् गुंडरदेही विधायक माननीय कुंवर सिंह निषाद , बालोद जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र निषाद , उपाध्यक्ष श्री संतोष निषाद , महासचिव श्री , सगन लाल विनायक , एवम् मुख्य रूप से जिला के कर्मचारी प्रकोष्ठ ,युवा प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ , जिला सलाहकार, सभी क्षेत्रीय संगठन के पदाधिकारी, और स्थनीय ग्राम भिलाई( चीचा) के निषाद बंधु तथा डंगनिया परिक्षेत्र के अध्यक्ष श्री तोरण पारकर की उपस्थिति में सर्व सहमति से जिला निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन को 2 जून 2025 दिन सोमवार को रखा गया है , अतः आप सभी निषाद बंधुओ से निवेदन है की आप सब 2 जून को अपनी गरिमायामी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### कम रिजल्ट वाले स्कूलों के प्राचार्यो को नोटस

**डौंडीलोहारा।** विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों में संचालित छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 में 50 प्रतिशत या उससे कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इन सभी प्राचार्यो को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्थाओं के प्राचार्यो द्वारा , प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर संबंधित संस्था प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई ने हेतु उच्च कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राणाखुज्जी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरथाबाजार, पिनकापार, खोलझर, डौण्डीलोहारा, भण्डेरा के प्राचार्यो को जिनका परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत या उससे कम रहा है उन्हें स्पष्टीकरण जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शनि देव की जयंती 27 को धनोरा में मनाएंगे

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग के तत्वावधान में महावीर उद्यान पर 27 म ई मंगलवार को हर साल की भांति इस वर्ष भी शनि देव जयंती मनाया जाएगा यह जानकारी दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शनि देव जी की पुजा पाठ हवन धुपन एवं 3 बजे से खीचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने जीवन की शनि ग्रह दोष को शांत करे एवं अपने अपने घर परिवार मे सुख शांति का वास एवं शनि देव की कृपा दृष्टि हमेशा आप के पुरे परिवार में बनी रहे।

---

### राज्य शासन के निर्देश के बाद भी समूहों को होगा कार्य आवंटन

# निगम से छिना क्लीन सिटी का संचालन महिला समूहों को मिलेगा सफाई का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

*मिशन क्लीन सिटी में मनमानी भर्ती और खजाने में सेंध लगाने के मसले को राज्य शासन ने भांप लिया है। राज्य शासन ने एक निर्देश जारी कर नगरनिगम से अब डायरेक्टर मिशन क्लीन सिटी में कार्य कराने का अधिकार छिन लिया है। शासन द्वारा अब मिशन क्लीन सिटी का कार्य महिला समूहों के जरिए संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया हैं। राज्य शासन के इस आदेश के यहां आने के बाद निगम महकमे में खलबली मच गई है।*

मिशन क्लीन सिटी वर्ष 2017 से लागू है। इसके गाइडलाइन में यह तय है कि, इसका संचालन महिला समूहों द्वारा किया जाना है। लेकिन इसके बाद भी अब तक नगरनिगम के नौकरशाहों के नेतृत्व में यह कार्य डायरेक्ट हो रहा था। यही कारण है कि, एमसीसी में मनमानी कर्मचारियों की भर्ती कर लाखों रूपए के वेतन का वारा न्यारा किया जा रहा था। मिशन के आड में अघोषित तौर पर यह कुछ लोगों के लिए भ्रष्टाचार का चारागाह बना था। यही कारण हैं कि, राज्य शासन के अवर सचिव अजय तिर्की ने आदेश जारी कर नगरनिगम के बजाय समूहों के कार्य से संबंधित गाइडलाइन जारी किया गया है। इसकी सामान्य सभा में मनमानी भर्ती को लेकर मामला उठता रहा है। एमसीसी के कर्मचारियों को सफाई कार्य कराने के बजाय निगम के दफ्तरों में बाबूगिरी कराए जाने का मामला भी सुर्खियों में रहा है।

अलग खबर

## नहीं चलेगी नगर निगम की मनमानी, समूहों के हाथों सफाई की कमान



### आठ घंटे करना होगा काम, सुरक्षा निर्देश जारी

राज्य शासन द्वारा नगरनिगम को निर्देश में कहा गया है कि, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों की कार्यावधि 8 घण्टे निर्धारित होगी। निकाय सुविधानुसार प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 3 बजे (1 घण्टे का भोजन अवकाश मिलाकर) अथवा प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक कार्यावधि निर्धारित कर सकते हैं। कार्य रोस्टर स्वसहायता समूह द्वारा रोस्टर अनुसार इस प्रकार तैयार किया जाएगा, जिससे प्रत्येक सदस्य को रोटेशन आधार पर एक साप्ताहिक अवकाश अनिवार्यतः प्राप्त हो सके। समस्त सदस्यों का पंजीयन श्रम विभाग के पोर्टल पर कराया जाना अनिवार्य होगा, जिससे छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा जीवन बीमा, मेडिकल क्लेम आदि का सम्पूर्ण लाभसभी सदस्यों को मिले।

### सीधे नगर निगम नहीं करेगा संचालन

एमसीसी के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर शहर में बने दर्जनभर एसएलआरए सेंटर के रखरखाव से लेकर कर्मचारियों की भर्ती और उनका भुगतान निगम द्वारा अधिकृत महासंघ द्वारा किया जाएगा। पहले नगरनिगम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर कर्मचारियों की भर्ती और भुगतान स्वयं करती थी, लेकिन अब निगम सीधे भुगतान नही कर महासंघ को राशि जारी करेगी। अधिकारित सूत्रों की माने तो इसके लिए लक्ष्मी बहुआयामी महिला संघ के कार्य दिया गया है।

### दीदियां नहीं करेगी नालियों की सफाई

जानकारी अनुसार नगरनिगम में वर्तमान में 582 सफाई कर्मचारी मिशन क्लीन सिटी में कार्य कर रहे है। इन कार्य डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व गीला व सूखा कचरा अलग करना और खाद बनाने का कार्य है। लेकिन इनसे निगम सडक और नालियों का सफाई कराते रही है। लेकिन अब एमसीसी के कर्मचारी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य करेगें। वही प्लेसमेंट में करीब एक हजार कर्मचारी है, जो सडक और नालियों की सफाई सहित अन्य कार्य करेगें। इस तरह निगम और प्लेसमेंट में डेढ हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

### हर माह कराना होगा स्वास्थ्य परीक्षण

मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत नियोजित समस्त कर्मियों का मासिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक 3 माह में समस्त सदस्यों का लैब टेस्ट (ब्लड टेस्ट, थयरॉइड टेस्ट, बीपी शुगर टेस्ट, यूरीन टेस्ट, यूरीन कल्चर, यूरिक एसिड, एल्यूमिन टेस्ट, एलडीएच टेस्ट, टोटल कोलेस्ट्रॉल टेस्ट, वीएचडीएल टेस्ट एवं टीएचएस टेस्ट) कराया जाना अनिवार्य होगा। इन्हें प्रतिवर्ष पहचान पत्र लेकर वर्दी के रूप में कोटी शर्ट दो जोडी व साडियां, एपरेन, रबड और कपडे का दस्ताना, मोजे, मास्क, जूते, टोपी, रेनकोट, कंपोस्ट शेड में कम करने वालों के लिए गमबूट देगें।

### अन्य कार्य नहीं कराए जा सकेंगे

आदेश में कहा है कि, कुछ निकायों द्वारा इनसे स्ट्रीट स्वीपिंग, नाली सफाई, एवं अन्य प्रकृति के कार्य कराये जा रहे है। स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों से योजना के दिशा निर्देशों के अतिरिक्त अन्य प्रकृति के कार्य कराये जाने पर पूर्णतः प्रतिषेध होगा। एसएलआरएम सेंटर्स के लिए नियुक्त सुपरवाईजर निकाय के नियमित कर्मचारी अथवा स्वसहायता समूह के सदस्य होंगे। ट्रायसायकिल रिक्शा, मिनी टिप्पर आदि की मरम्मत का कार्य सुपरवाईजर द्वारा कराया जावेगा एवं निकाय द्वारा सुपरवाईजर को मरम्मत राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। वार्षिक अधिकतम एक लाख रूपये तक के भुगतान हेतु यूजर चार्ज की राशि का उपयोग किया जा सकेगा।

**दिए गए कार्य**

राज्य शासन के निर्देश पर एमसीसी का कार्य फेडरेशन को दिया गया हैं। सभी दीदीयों का सुपरविजन उनके द्वारा किया जाएगा। **-सुमीत अग्रवाल**, आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

---

### अप्रैल-मई माह का कर्मियों को नहीं मिला वेतन

# शहर में सफाई का कार्य ठप कर्मियों को नहीं मिला वेतन



**निगम का अभियान हुआ प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

महापौर और नगरनिगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के बीच मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। पिछले तीन दिनों से शहर में सफाई नही होने के कारण जगह जगह गंदगी का आलम हैं। वेतन जारी नही होने से नाराज कर्मचारियों के काम बंद किए जाने से नगरनिगम प्रशासन की चुनौती बढ गई हैं। उल्लेखनीय है कि, तीन दिन पहले ही नगरनिगम में एमसीसी में कार्यरत 582 सफाई कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया था। नगरनिगम परिसर में सैकडों की संख्या में पहुंचे कर्मियों ने अप्रैल माह का वेतन अब तक जारी नही किए जाने से नाराजगी जताई थी। कर्मियों ने बताया कि, मई माह भी समाप्त होने वाली है, लेकिन उन्हें अप्रैल का वेतन भी नही मिला है। विगत दिनों प्रदर्शन के बाद आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया था कि, कर्मियों की उपस्थिति को लेकर शिकायत मिली थी। जिसके जांच के बाद सभी का वेतन जारी किया जाएगा। बहरहाल कर्मियों को अब तक वेतन जारी नही किया गया है। जिसके चलते पांच सौ से अधिक कर्मियों के सामने आर्थिक तंगी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

- वेतन जारी नहीं होने से नाराज है निगम के कर्मचारी
- कर्मचारियों के सामने गहराया आर्थिक संकट

### प्लेसमेंट कर्मी भी हो रहे एकजुट

सफाई कामगार मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री रवि कुमार सोनी ने बताया कि, हमने पूर्व में सात सूत्रीय मांगे रखी थी। उसे पूरा नही किया गया है। वही वेतन जारी नही किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आगामी दिनों एमसीसी के आलावा प्लेसमेंट के कर्मी भी हडताल पर रहेंगे। संघ के धरम नागेश, कृष्णा नायक, अंकुर सागर और बल्लू नागेश ने बताया यह आंदोलन अनिश्चितकालीन रहेगा।

---

**सुशासन तिहार**

# शिविर में 486 आवेदनों का किया गया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे भवन में शिविर का आयोजन किया गया था। महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोक कर्म प्रभारी अलका बाघमार के साथ शिविर में लगें विभिन्न विभागों के स्टाल में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों सहित निराकरण आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान शिविर तुरंत ड्राइविंग लाइसेंस, मजदूर कार्ड वितरण मेयर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल,एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर और पार्षदो के बीच हितग्राहियों को किया गया। शिविर में 488 आवेदनों मांग 396 शिकायत 93 शेष 02 आवेदनों का 486 का निराकरण किया गया। आज के शिविर में प्राप्त आवेदन 827 ज्यादातर शिविर में सबसे ज्यादा पट्टा के आवेदन मिले है। शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन पट्टे को लेकर सामने आए है। इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं को गोद भराई व 1 नवजात शिशुओं का अन्नप्रासन संस्कार किया। शिविर स्थल पर 25 से अधिक किशोरी बालिकाओं का एचबी टेस्ट एवं उनको सेनेटरी पैड वितरण किया गया। इस अवसर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद सावित्री दमाहे, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजम, ललिता ठाकुर, सरस निर्मलकर सहित अन्य थे।

- शिविर में सबसे ज्यादा पट्टे की आई सैकड़ों डिमांड
- किशोरी और बालिकाओं को सैनेटरी पैड वितरित

### मनवा कुर्मी समाज की मासिक बैठक कल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज की मासिक बैठक 25 मई को दोपहर 12 बजे कुर्मी भवन पाटन में की जाएगी। राज मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि उक्त बैठक में समाजिक प्रकरण की सुनवाई के साथ-साथ महाधिवेशन में पारित प्रस्ताव को अमल में लाने पर चर्चा के साथ-साथ स्वजातीय कर्मचारी-अधिकारी एवं व्यवसायिक संस्थाओं के सर्वेक्षण एवं आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली स्वजातीय विद्यार्थियों के सहयोग पर चर्चा की जायेगी।

# मानव दिवस बढ़ाने व मनरेगा कार्य स्वीकृत करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग



बीते 16 मई को मनरेगा में कार्य दिवस बढ़ाने को लेकर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रोरेट परिषर में मनरेगा मजदूर व कांग्रेसियों के जमकर प्रदर्शन के बाद विगत बुधवार को जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का मनरेगा कार्यदिवस को लेकर जिला पंचायत कार्यालय में बैठक आहूत किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मनरेगा मजदूरों का पक्ष रखते हुवे मांग किया कि, दुर्ग जिला मनरेगा में लक्ष्य बढ़ाकर 42 लाख मानव सृजन दिवस किया जाए व तुरंत नए कार्य स्वीकृत किया जाए। श्री ठाकुर के मांग पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने मनरेगा के कार्य को पीएम आवास के तहत आगे बढ़ाने और लक्ष्य 18 लाख मानव दिवस से 42 लाख मानव दिवस बढ़ाने तथा मनरेगा के तहत नए कार्य स्वीकृत करने शासन स्तर पर चर्चा होना तथा जल्द ही इस पर निर्णय होना बताया गया। बैठक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, आनंद ताम्रकार, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, शिशिर कसार, मोहित वालदे, नाशिर, तिलक राजपूत सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

- मनरेगा मजदूरों के ओर से कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ने रखी बात

### खदान क्षेत्रों में तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करने निर्देश जारी

# खदानों में सुरक्षा व्यवस्था नहीं बनाने पर नपेंगे संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले में संचालित खदानों को लेकर कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी किए गए है। जिसमें सुरक्षा के मापदंड का पालन नही करने पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। उन्होने कहा कि, जिले में पूर्व में संचालित रही, लेकिन अब परित्यक्त खदानों तथा वर्तमान में चालू खदानों में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव के चलते आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। जिला प्रशासन को प्राप्त हो रही हैं। खदानों में पानी भर जाने से बड़े-बड़े गहरे तालाब बन जाते हैं, जिनमें लोगों एवं मवेशियों के डूबने से मृत्यु की घटनाएं भी हो जाती है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसी दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को आपदा राहत अंतर्गत आरबीसी-6-4 के तहत मुआवजा राशि दी जाती है। इसके अलावा कई खदान क्षेत्रों में वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी बनी रहती है। सभी पट्टेदारों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें खदानों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु खदानों के चारों तरफ फेंसिंग, बाड़ निर्माण करें ताकि, कोई भी व्यक्ति या पशु दुर्घटनाग्रस्त न हो सके। उत्खनन पट्टा अनुबंध की शर्तो के अनुसार पट्टेदार समस्त गड्ढों तथा खदानों को अच्छी तरह से तथा पर्याप्त रूप से सुरक्षित रखेगा।



### बैरियर और वृक्षारोपण का भी प्रावधान

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धमधा, पाटन एवं भिलाई-3 के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को पत्र जारी कर अवगत कराया है कि, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम-2015 के तहत उत्खन्न योजना एवं जारी पर्यावरण स्वीकृति के शर्ता के अनुसार पर्याप्त सुरक्षा के उपाय हेतु खदानों के चारों ओर 7.5 मीटर पट्टी, बैरियर रखते हुए वृक्षारोपण किया जाना अनिवार्य होगा। जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के तहत सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करना होगा।

### सुरक्षा नहीं बनाने पर एसडीएम करेंगे कार्रवाई

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 152 से 163 तक की ओर भी आकृष्ट किया है, जो जनसुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु बनाए गए हैं। कहा गया कि, यदि संबंधित व्यक्ति आदेश का पालन नहीं करता या उचित कारण नहीं दर्शाता, आदेश के अंतिमीकरण अवज्ञा के परिणाम तथा पुनरावृत्ति के प्रतिषेध संबंधी प्रावधान है। धारा 160 के अंतर्गत यदि कोई लोक न्यूसेंस (सार्वजनिक असुविधा, खतरा) हटाने की कार्यवाही नहीं करता है, तो मजिस्ट्रेट स्वयं उस कार्य को करवा सकता है, और उसमें लगे संपूर्ण खर्च की वसूली संबंधित व्यक्ति से की जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई

**अंडा।** पुण्यश्लोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वी जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम में भगवान विष्णु धाम मंदिर ओटेबंद मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया, जिसमें उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम चंद्राकर जी, ओटेबंद मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू जी, महामंत्री तुलेश्वर (संजू) चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी सरपंच प्रमोद पटेल जी, महामंत्री ओटेबंद मंडल कार्यकारिणी सदस्य, पुखराज निर्मलकर जी, ईश्वर यदु जी, अगेश यादव जी, लोकेश साहू जी, लोकेश चंद्राकर जी, ओटेबंद सरपंच जीवन साहू जी, इंद्रजीत चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर जी, हेमंत चंद्राकर जी श्री हीरालाल साहू जी, राहुल जी, किशोर साहू, धर्मेंद्र धनकर, अनूप साहू, उत्तम साहू एवं मीडिया प्रभारी ओटेबंद मंडल हरि सिंह मौर्य जी, एवं गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे।

### लोकमाता आहिल्या बाई होलकर की जयंती मनाई

**गुरूर।** पुण्य श्लोक लोकमाता आहिल्या बाई होलकर जयंती आयोजन पर भाजपा मिरएँटोला (पुरूर) मंडल ने स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व पर लोकमाता आहिल्याबाई होलकर की जयंती पर भाजपा मिरएँटोला मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान कंकालिन मंदिर कनेरी में चलाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, जिला पंचायत सभापति तेज राम साहू, पुर्व मंडल अध्यक्ष यादव राम साहू, मीना साहू, महेत्तर नेताम, जनार्दन सिन्हा, संजय साहू, सरपंच कनेरी दिनेश्वरी सिन्हा, जनपद सभापति हेमन्त साहू, मंडल उपाध्यक्ष होमशंकर साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, बिसम्भर साहू, त्रिलोकी गजपाल, नवीन पटेल, नरेश साहू, पूजा राम साहू, संजय साहू, अजय साहू, शैलेन्द्र सिंह सोरी, केजुराम साहू, तेजराम साहू, पोखन साहू, त्रिलोकी गजपाल, नवीन आनंद, प्रवीण साहू, ठाकुर राम निशाद, नरेश साहू, तुलाराम साहू, भुवन लाल, डॉ धर्मेन्द्र साहू, बिसम्भर सिंह साहू, माधव साहू एवं मां कंकालिन माता मंदिर ट्रस्ट पुजारी तथा नेता एवं युवा मोर्चा के साथी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नपं पाटन के नेता प्रतिपक्ष नियुक्त हुए आभाष

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में वॉर्ड क्रमांक 8 के पार्षद आभाष दुबे नेता प्रतिपक्ष और वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद दीपक यादव उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान आशीष वर्मा, राकेश ठाकुर जिला अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण, हेमंत देवांगन, पुरूषोतम कश्यप, मनोज कुर्रे, बिरेंद्र कौशिक, कमल किशोर वर्मा, लीलाधर वर्मा, नीरज सोनी, प्रशांत शुक्ला, गोविन्द निषाद, अमृत राजपूत, दिनेश शर्मा, युवराज साहू, प्रदीप वर्मा, श्रीं कांत देवांगन सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष...

### सांसद नाग ने...

महिला और दिव्यांगजन यात्रियो के लिए अलग अलग शौचालय की सुविधा, नए मुख्य स्टेशन प्रबंधक कक्ष, वाटर कूलर और दिव्यांगन अनुकूल नल वाले बूथ, आरपीएफ पोस्ट, सीसीटीवी रूम, कैटरिंग स्टॉल, अ"निशामक यंत्र, स्वच्छ परिसर सहित विभिन्न प्रकार की आधुनिकीकृत सुविधाएं विकसित की गई है। इस अवसर पर सासंद रेलवे हमाल संघ की विभिन्न समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने कभी निर्देश अधिकारियों को दिया, रेलवे अधिकारियों ने सांसद को अवगत कराया कि अगस्त माह तक सारे निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा, अमृत रेलवे स्टेशन सर्वसुविधा युक्त, सुरक्षित, सुंदर और यात्रियों के लिए आरामदायक होगा, ये बालोद के बड़ी उपलब्धि रहेगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पाटएँ जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, महेश पाठक, राजहरा नगरपालिका अध्यक्ष तोरण साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे, सौरभ लूनिया, पार्शद राजू पटेल, अमित चोपड़ा, सहित पाटएँ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सुशासन तिहार :** नगर पंचायत डौण्डी में समाधान शिविर संपन्न, हितग्राहियों को मिली विभिन्न सौगात

# सुशासन तिहार में प्रशासन पहुंचा आज जनता के द्वार एवं प्रकरणों के निपटारे से मिली राहत : नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/डौडी

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ सरकार का शासन-प्रशासन को आम जनता के द्वार तक ले जाने का बहुत ही सराहनीय एवं कारगर प्रयास है। नाग आज सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत नगर पंचायत डौण्डी के पुलिस मैदान में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन के द्वारा आज जनता की वास्तविक मांगों एवं आवश्यकताओं की जानकारी लेकर उनका समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। नाग ने कहा कि प्रदेश के मुखिया के द्वारा एक सच्चे अभिभावक की तरह सुशासन तिहार के माध्यम से जनता की वास्तविक जरूरतों की जानकारी प्राप्त कर उसका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील प्रयास किया गया है।

नगर पंचायत डौण्डी के पुलिस मैदान में आयोजित इस अवसर पर नगर पंचायत डौण्डी की अध्यक्ष मोहंतीन चैरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी व साधना सोरी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि रूपेश नायक, मनीष झा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामनारायण धनकर सहित नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू, नगर पंचायत चिखलाकसा की अध्यक्ष कुंती देवांगन, नगर पंचायत डौण्डी के पार्षदों सहित जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।





**366 आवेदनों का किया गया निराकरण**

राजस्व विभाग 113, नगर पंचायत डौण्डी 148, महिला बाल विकास 25, विद्युत विभाग 28, श्रम विभाग 08, कृषि विभाग 08, जिला रोजगार कार्यालय 06, परिवहन कार्यालय 05, स्कूल शिक्षा विभाग 04, स्वास्थ्य विभाग 03, जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास 03, खाद्य विभाग 03, लोक निर्माण विभाग 02, समाज कल्याण विभाग 01, वाणिज्य एवं उद्योग 01, लाईवलीहुड कॉलेज 01, चिप्स 01, पशुपालन 01, जल संसाधन 01, अग्रणी बैंक 01, पुलिस विभाग 01, नजुल शाखा 01। कुल प्राप्त आवेदन – 366, सभी का निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत नगर पंचायत डौण्डी के सभी वार्डों के नागरिकों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 366 आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का गहन परीक्षण कर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शिविर में अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र, मछली पालन विभाग द्वारा आईस बॉक्स एवं मछली जाल वितरित किए गए।

इसके अतिरिक्त शिविर में 05 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 05 को प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णता प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा 01 श्रवण यंत्र एवं 02 छड़ी, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 02 छात्रों को प्रशस्त्रि पत्र, राजस्व विभाग द्वारा रूखमनी बाई को 15 हजार रूपये का स्वेच्छानुदान एवं 02 आय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर गोद भराई रस्म तथा नन्हे मुन्हे बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्रासन संस्कार संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाग ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच एवं आदर्शों को आत्मसात कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के सभी वर्गों के कल्याण हेतु कृतसंकल्पित है।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतीन चैरका ने सुशासन तिहार की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन जनहितैषी प्रयास है, जिससे आम जनता की समस्याओं को जाना गया और समाधान सुनिश्चित हुआ। उपाध्यक्ष संजीव मानकर ने कहा कि इस आयोजन से नागरिकों को जिला मुख्यालय एवं अन्य उच्च कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली है और यह भविष्य में दूरगामी परिणाम देगा।

चिखलाकसा की अध्यक्ष कुंती देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आम नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया गया।



## यात्री प्रतीक्षालय जर्जर, शीघ्र बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम भालूकोन्हा चौक पर स्थित यात्री प्रतिक्षालय अत्यंत ही जर्जर हो गया है, रेलिंग, टाइल्स, कुर्सी सब टूट-फूट कर सत्यानाश हो गया है, कांग्रेस शासनकाल में बना यह प्रतीक्षालय अब फिर से बनने का इंतजार कर रहा है, उस चौक पर पुलिस थाना, शादाणी नागरिक महाविद्यालय, एकलव्य महाविद्यालय, सरकारी क्वार्टर, बिजली ऑफिस, शासकीय अस्पताल, आनंद पब्लिक स्कूल के साथ-साथ भालूकोन्हा के ग्रामीणों का आवागमन लगा रहता है, उक्त यात्री प्रतीक्षालय बहुत ही महत्वपूर्ण है, सबसे ज्यादा कॉलेज की छात्र छात्राएं व अस्पताल जाने वाले मरीजों को इसी यात्री प्रतीक्षालय में प्रतीक्षा कर बस का इंतजार करना पड़ता है और बारिश भी लगने वाली है इसे जल्द से जल्द पुनर्निर्माण करने की आवश्यकता है।

## एक ही कुर्सी पर वर्षों से जमे अफसरों पर उठे सवाल, की जा रही तबादले की मांग

**कई दर्जनों अधिकारी-कर्मचारी एक ही जगह पर 10 से 15 वर्षों से जमे हुए हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में शासकीय विभागों के गलियारों में इन दिनों एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति देखी जा रही है। दल्लीराजहरा नगर पालिका, नगर पंचायत, राजस्व विभाग सहित अन्य कई विभागों में वर्षों से एक ही पद पर जमे अधिकारी व कर्मचारी अब विभाग के लिए घातक बनते जा रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, कई दर्जनों अधिकारी-कर्मचारी एक ही जगह 10 से 15 वर्षों से जमे हुए हैं। कुछ तो बिना तबादले के ही प्रमोशन भी पा चुके हैं, लेकिन विभाग नहीं बदला। नतीजा—अब इनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की जगह घमंड, अहंकार और भ्रष्टाचार ने ले ली है।

**जनता का आरोप कार्य नहीं, केवल चहेतों को लाभ-** दल्लीराजहरा सहित चिखलाकसा स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन जमे हुए अधिकारियों ने विभाग को अपनी जागीर बना लिया है। सामान्य जनता की फाइलें धूल फांकती हैं जबकि चहेते लोगों के काम चुटकियों में निपटा दिए जाते हैं। /"कार्ड सिस्टम/" के नाम पर भेदभाव बढ़ा है। कोई भी जनहित कार्य बिना जान-पहचान और लाभ के नहीं हो रहा।

**अरबपति बन बैठे हैं कई अधिकारी कर्मचारी-** अंदरूनी जांच में यह भी सामने आया है कि वर्षों से एक ही स्थान पर टिके कुछ कर्मचारियों की संपत्ति में बेहिसाब इजाफा हुआ है। लाखों की सरकारी नौकरी से करोड़ों की संपत्ति बनाना—क्या यह बिना मिलीभगत के मुमकिन है? जनता सवाल कर रही है कि आखिर कौन दे रहा है इनको संरक्षण?

**शहर की जनता ने उठाई आवाज: अब होगा बदलाव-** स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने अब एकजुट होकर मांग की है कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला किया जाए। "एक पद, एक स्थान, अधिकतम तीन साल" की नीति को सख्ती से लागू किया जाए ताकि विभागीय पारदर्शिता और जनसेवा बहाल हो सके।

**प्रशासन को चेतावनी: अगर नहीं लिया एक्शन तो होगा जनआंदोलन-** जनता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन जमावधारी अफसरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। /"दल्लीराजहरा बिकने नहीं देंगे, अब लूट नहीं सहेंगे—यह नारा अब हर गली और चौराहे पर सुनाई दे रहा है।

## स्वाधीन जैन ने 11वीं बार रक्तदान की मिसाल दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के युवा समाजसेवी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मिडिया प्रभारी स्वाधीन जैन 11 वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के संदेशों को आत्मसात कर जीवनचर्या व्यतीत करने वाले स्वाधीन जैन, जैन धर्म के प्रथम सूत्र जियो और जीने दो के पथगामी हैं। जनसेवा की राह पर उनके आगे रहते हैं। रक्तदान महादान को फलीभूत करते हुए युवा समाजसेवी स्वाधीन जैन लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने हेतु हर पल तत्पर रहते हैं। अब तक वे 11 बार



रक्तदान कर चुके हैं। उनके द्वारा 11वां रक्तदान कुसुमकसा रक्तदान शिविर में किया गया। रक्तदान पश्चात मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निज सहायक टी. कौशिक द्वारा स्वाधीन जैन को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, झुनमुन गुप्ता, जयदीप गुप्ता, कुसुमकसा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, नितिन जैन, अनिल सुथार, सरपंच संघ अध्यक्ष ममता मांडवी, अशोक लोहिया, हितेश कुमार डोंगरे, संतोष जैन, डीबी रक्तदान ग्रुप के दीपक साहू, सुमीत जैन, अंकित टाटिया व पंचायत की पूरी टीम द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान किया गया।

## चिखलाकसा के बारसाटोला मार्ग पर 50 ट्यूबलर पोल लगा, चमकने लगेगी सड़क

**दल्लीराजहरा।** चिखलाकसा (वार्ड क्र. 8): लंबे समय से अंधेरे और भय के साये में रहने वाले वार्डवासियों को अब राहत मिली है। वार्ड क्रमांक 8, बारसाटोला की ओर जाने वाली एक किलोमीटर लंबी सड़क पर 50 नग ट्यूबलर पोल स्थापित कर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह पहल नगर पंचायत चिखलाकसा की अध्यक्ष कुंती देवांगन एवं सभी पार्षदों के सामूहिक प्रयासों से साकार हुई है।

यह इलाका सुनसान और जंगल से घिरा हुआ है, जहां जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है। यही मार्ग शताब्दी नगर होते हुए साल्हे, चिखली, घोटिया, पटेली, बोरगांव और डोंडी ब्लॉक के कई गांवों को जोड़ता है। रोजाना इस रास्ते से बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में आवागमन खतरनाक हो जाता था।

चिखलाकसा सहित स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए शुक्रवार को ट्यूबलर लाइटों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे ने स्विच ऑन



कर प्रकाश व्यवस्था की शुरुआत की।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद लल्लू टेकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश पाठक सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

यह पहल न सिर्फ क्षेत्र की सुरक्षा में वृद्धि करेगी, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगी। अब यह मार्ग वास्तव में /"अंधेरे से उजाले की ओर/" अग्रसर हो चुका है।

**सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए**

## कांग्रेस की मजबूती के लिए महिलाओं और युवकों को जोड़ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, भरदा, आछोटी, चिंगरी, विनायकपुर, अंडा, कुथरेल एवं भानपुरी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन उनकी मदद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ से कांग्रेस पार्टी में नए लोगों के साथ महिलाओं एवं युवाओं को भी जोड़ने का आह्नान किया है।

■ गांवों के विकास के लिए पंचायती के सभी जनप्रतिनिधि पूरी ईमानदारी से सहभागिता प्रदान करें : ताम्रध्वज साहू

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा की पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधि गण गांव के विकास में पूरी ईमानदारी से सहयोग करने का आह्वान किया इसमें सभी ग्रामीणों की भागीदारी आवश्यक है, ताकि गांव को स्वच्छ, सुसज्जित और समृद्ध बनाया जा सके।गांव के विकास के लिए, सभी ग्रामीणों को मिलकर काम करना चाहिए और एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। श्री साहू ने पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधि गणों को कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। गांव में होने वाले विकास कार्यों की निगरानी करनी चाहिए, ताकि वे गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हों और भ्रष्टाचार न हो।गांव के विकास के लिए, समृद्धि भी महत्वपूर्ण है। लोगों को अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का अवसर होना चाहिए। गांव में सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि सभी लोग एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें। गांव के विकास के लिए, सभी को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। गांव के विकास के लिए, सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए। गांव के विकास के लिए, स्वतंत्रता भी महत्वपूर्ण है। लोगों को अपने विचारों को व्यक्त करने और अपनी पसंद के अनुसार निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग अलग समस्यायें जैसे पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी,रवि फसल की धान की राशि कम मिलना, किसानों को खाद नहीं मिलना,महिला समूहों को काम नहीं मिलना,अवैध शारब गांव गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है।





**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्रकार,अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, दीपिका चन्द्रकार, भारत चन्द्रकार,जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चंद्रकार, अशोक देवांगन, भुवन साहू, तालम चन्द्रकार, प्रताप विश्वकर्मा, धनेश साहू,माखन सिन्हा, योगन्द्र भारदीय, सुनीता जयप्रकाश भारदीय, योगेंद्र भारदीय, पोषण ठाकुर, भानुमति देशमुख, शिव नारायण दिल्लीवार, घनश्याम दिल्लीवार, बरातू दिल्लीवार,डॉ जे. डी चेलक, के. के चन्द्रकार, प्रवीण चन्द्रकार,अरविंद चन्द्रकार, मनीष चन्द्रकार,सरपंच चिंगरी पुष्पा बागमारे, विजय साहू, चंद्रभान बंजारे,शशि यादव, दुर्वशा चन्द्रकार,पूर्व मंडी डारेक्टर तारकेश्वर चंद्रकार, मीना सूर्यवंशी, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, इंद्रजीत देशमुख, प्रवीण चन्द्रकार, टिंकू ठाकुर,अनिल देशमुख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### राम कथा चर्चा के लिए दल पत्थलगांव रवाना

**बालोद।** श्री राम कथा आयोजन समिति बालोद के सदस्यों द्वारा राजन महाराज द्वारा बालोद नगर में श्री राम कथा 2026 में होने वाले आयोजन की तिथि सुनिश्चित करने व पत्थलगांव में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा 2025 में कथा श्रवण करने 14 सदस्यीय दल डोमन सिंह साहू के नेतृत्व में पत्थल गांव रवाना हुई। आयोजन समिति में फागू राम साहू, संजय सोनबोईर, गंगाधर सोनबरसा, अजय साहू, खिलेश देवांगन, अजीत साहू एवं अन्य सदस्यगण शामिल हैं।

### आरव सिंह का रायपुर सैनिक स्कूल में चयन

**बालोद।** संस्कार शाला बालोद में संचालित जु जित्सू मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी आरव सिंह पिता लव कुमार सिंह, का चयन सैनिक स्कूल रायपुर में हुआ है। आरव सिंह के चयन पर मार्शल आर्ट क्लब के कोच एवं खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है।



आरव के कोच सुरेश शांडिल्य ने बताया कि आरव ने लगभग 5 वर्ष की आयु से मार्शल आर्ट ज्वाइन किया था और आज 5 वर्षों के पश्चात उसका चयन सैनिक स्कूल में हुआ है। जु जित्सू एसोशिएशन ऑफ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष नितिन यादव, संरक्षक राजेश सोनी, सह सचिव मिथलेश चंदन, कोषाध्यक्ष तामेश्वर साहू, मार्शल आर्ट क्लब के कोच सुरेश शांडिल्य, डायरेक्टर विद्या शांडिल्य एवं समस्त खिलाड़ियों ने आरव सिंह और और उनके पालक ने हर्ष व्यक्त की।

### शनिदेव जयंती 27 को मनाई जाएगी

**गुण्डरदेही।** नगर के साप्ताहिक बाजार मे स्थित शनिदेव मंदिर मे 27 मई मंगलवार को शनिदेव की जंयती मनाई जाएगी। इस दिन सुबह 11 बजे से पुजा अर्चना व दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक भंडारा महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है।

### कुम्हारी भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**कुम्हारी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के सम्मान के लिए शुक्रवार को कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बाजार चौक गांधी चौरा वार्ड-5 से प्रारंभ हुई।

## निधन

### गौतमचंद बैद

**जामगांव आर।** जामगांव आर मूल निवासी गौतमचंद बैद बंदिश बैद उतई वाले का निधन हो गया है, अंतिम संस्कार उतई मुक्तिधाम में किया गया। उतई में रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। वे सुरेश, नरेश बैद, सतीश बैद के भाई एवं सौम्य के पिता थे।



**बैठक :** थाना प्रभारियों की बैठक में सड़क दुर्घटना, मालवाहक, हेलमेट सहित कई मुद्दों की समीक्षा की गई

# बाहरी व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की हो पैनी नजर : एसपी की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपराधों के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निकाल हेतु थाना प्रभारीयों की समीक्षा बैठक ली गई। जिले के सीमावती क्षेत्रें में बाहरी व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी कर उनके अवैध कारोबार पर लगाम कसने बालोद पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, मालवाहक गाड़ियों में सवारी ना बैठाने, अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने हेतु जन जागरूकता के साथ थाना क्षेत्रें में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किए गए। थाने में आने वाले फरियादी की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसके निराकरण हेतु उचित कार्यवाही करने निर्देश दिए गए।

■ किराएदारों के सत्यापन की जानकारी थानावर ली गई

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारियों के साथ क्राइम समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में बारी बारी समस्त थाना प्रभारियों को मीटिंग एजेंडा बिंदु लंबित अपराध की जानकारी, लंबित चालान, न्यायालय में प्रस्तुत खात्मा, खारिजी, लंबित मर्ग, अदम दस्तयाब गुम इंसान, लंबित शिकायत, को प्राथमिकता से निकल करने हेतु प्रकारणवाद समीक्षा की गई, चोरी के प्रकरणों को सुलझाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रात्रि गस्त को मजबूत करने दिशा निर्देश दिए गए, किराएदारों की सत्यापन की जानकारी थानावर ली गई एवं सभी किरायेदारों की जानकारी थाने स्तर पर एकत्रित करने के निर्देश दिए गए, इसमें अधिक से अधिक प्रचार करने एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

**सुशासन तिहार के आवेदनों की जानकारी ली-** सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायत की जानकारी ली व उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करने सप्लाई चैन की जानकारी लेकर एंड तो एंड कार्यवाही करते हुए अपराध में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना के मामले में एमवी एक्ट के तहत त्वरित एफआईआर करने और सीसीटीवी फुटेज को संकलित करने, मालवाहक गाड़ियों में सवारी बैठाने पर सख्त कार्यवाही करने, हेलमेट लगाने आमजनों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित कर जिले के समस्त थाना क्षेत्रें में यातायात नियमों का पालन करने अपील एवं जन जागरूकता हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए।



**थानेदार फौरन वैधानिक कार्वाई करें**

पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाने में आने वाले सभी फरियादी की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर वैधानिक रूप से उचित निराकरण हेतु तत्परता से कार्यवाही करने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने निर्देश दिए गए। क्राइम मीटिंग में अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ चित्र वर्मा, डीएसपी राजेश बागड़े, समेत जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित हुए।

**बीट क्षेत्र में सूचना संकलन बढ़ाए-** बीट क्षेत्रें में थाना स्टाफ की सूचना संकलन एवं सक्रियता बढ़ाने, अपराध में कमी लाने आदतन अपराधियों के गुंडा बदमाश एवं निगरानी बदमाश सूची खोलने के साथ ही साथ उनकी दिनचर्या पर नजर रखने निर्देश दिए गए। ग्राम कोटवारों की थाने में उपस्थिति एवं गांव भ्रमण के दौरान उनको सम्मिलित करने ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में त्वरित थाने में सूचित करने के संबंध में अवगत कराने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। जिले के सीमावतऍं क्षेत्रें में अवैध कारोबार पर लगाम कसने, बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखकर मुसाफिर दर्ज करने एवं उचित कार्यवाही करने निर्देशित किए गए। थाने के समस्त रजिस्टरों की मॉनिटरिंग कर अपडेट रखने, पुराने रिकॉर्ड एवं मालखानों में रखे जप्तशुदा माल का मियाद पूर्ण होने पर न्यायालीन आदेश लेकर उसकी नष्टीकरण करने निर्देशित किए। सीआईईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल की रिकवरी को लेकर समय समय पर पोर्टल पर अपडेट रहने समस्त थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ ऑपरेटरों को ब्रीफ करने निर्देशित किया गया।

## प्रदोष काल में मुक्तेश्वर धाम में हुआ रुद्राभिषेक ...



**बालोद/निकुम।** ग्राम खुरसुल में ग्रामवासियों युवाओ व महिलाओं ने मिलकर मुक्तिधाम खुरसुल में प्रदोश पर्व पर शनिवार को सामूहिक पूजा, अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का मुक्तेश्वर महादेव की स्थापना कर रुद्राभिषेक किया। जिसमें मुख्य रुप जिला पंचायत सदस्य गुलशन चन्द्राकर, ग्राम के वरि”ठ सत्यप्रकाश साहू, संदीप चन्द्राकर, ”यामसुंदर साहू, सेवक साहू सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालुगण थे।

## निषाद केवट समाज का आज होगा गुंडरदेही में सम्मेलन

**बालोद।** जिला निषाद केवट समाज बालोद के सम्मेलन में लेखकों का सम्मान मुख्यमंत्री करेंगे। कार्यक्रम 25 मई को दोपहर 2 बजे ग्राम, भिलाई तहसील गुण्डरदेही मे होगा। ग्राम भिलाई(चीचा) तहसील गुण्डरदेही में निषाद केंवट समाज के जिला सम्मेलन में शहीद दुर्वाशालाल निषाद एवं हमारा बालोद जिला पुस्तक का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद करेंगे। पुस्तक का संपादन साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने किया है। बालोद जिले के सांस्—तिक, राजनैतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक स्थलों पर लेखको ने अपनी कलम चलाई है। इस ग्रंथ में शोधपरक आलेख के माध्यम से प्रतिभागी लेखकों ने बालोद जिले के महत्वपूर्ण पुस्तक लेखन के लिये मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। इस पुस्तक में मुनीलाल निषाद, बद्रीप्रसाद पारकर, शिवकुमार गायकवाड़, डॉ. अशोक आकाश, डॉ. शिरोमणि माथुर, विजय वर्तमान एवं स्मिता वर्मा द्वारा लिखित है जिनका सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जायेगा। इस ग्रंथ में केंवट समाज का इतिहास तथा सामाजिक विकास पर लेख है। इस पुस्तक मे तीज–त्यौहार, देवस्थल एवं शहीदों पर भी सविस्तार आलेख है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर प्रमुख साहित्यकार, कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आमंत्रित हैं। यह समारोह बालोद जिला केंवट निषाद समाज के जिला सम्मेलन में होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित वैचारिक उद्बोधन भी इस अवसर पर होगा।



### अहिल्याबाई जयंती पर की भाजपा ने साफ-सफाई

**गुरूर।** भाजपा मंडल सनौद द्वारा पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का 300 वीं जयंती कार्यक्रम आयोजन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। आज भाजपा मंडल सनौद द्वारा ग्राम ओझागहन मे सिथत भगवान लिंगेश्वर मंदिर प्रांगण ओझागहन में देवी अहिल्या बाई होलकर जी की 300वी जयंती के अवसर पर साफ–सफाई किया गया। जिसमें मण्डल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, महामंत्री ढंगु हिरवानी, महामंत्री ललित गजेन्द्र, जिला पंचायत सद्स्य लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानन्द साहू, जनपद पंचायत सभापति डा.हरि—ष्ण गंजीर, जनपद सदस्य आशीष साहू, मंडल उपाध्यक्ष नीता साहू, मण्डल उपाध्यक्ष दुखिया बाई, सोसाइटी अध्यक्ष नंदकुमार साहू, संतोष गंगबेर, लीलाराम, आशोक साहू, अरुण देवांगन, जुंगेरा मंडल उपाध्यक्ष सन्दीप साहू, सरपंच डोटोपार चंद्रकला साहू, सरपंच प्रातिनिधि ओझागहन बालकराम साहू, कुमार साहू, शिवनारायण नेले, पूरनलाल साहू, दामोदर साहू, भागवत साहू, पुनम साहू, हेमंत साहू व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धोबी समाज की बैठक में राज नामकरण किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद। झेरिया धोबी समाज बालोद राज अंतर्गत बालोद परिक्षेत्र की बैठक सांकरा ज बाजार चौक कला मंच के पास सामुदायिक भवन में रखी गई। जिसमें बालोद परिक्षेत्र को विलुप्त करते हुए नए राज के रूप में सभी स्वजातीय बंधुओं की सहमति से झेरिया धोबी समाज सांकरा जगन्नाथपुर राज का नामकरण किया गया। जिसके विभिन्न पदाधिकारी का चयन किया गया।



जिसमें अध्यक्ष अश्वनी निर्मलकर पीरिद, सचिव दुर्योधन दरबारी नवागांव, कोषाध्यक्ष लखन लाल निर्मलकर नेवारीकला, निर्णायक में संतोष कुमार खैरा, उपसचिव अजय निर्मलकर पीरिद, संरक्षक सखाराम नेवारीखुर्द, संगठन मंत्री प्रहलाद रजक रेवती नवागांव, सलाहकार रामानुजन निर्मलकर मोहलाई आदि शामिल है। इसके अलावा प्रभारी गण में पूर्व सचिव भूखन लाल पीरिद, भुवन पिरिद, चौन सिंग खैरा, आशीष कुमार निर्मलकर नेवारीकला, कन्हैया निर्मलकर नेवारीकला, शत्रुघ्न निर्मलकर नेवारीकला, राजू निर्मलकर खैरा, श्याम साय खैरा, रोहित निर्मलकर बुंदेली, साधुराम पापरा, आरती राम जुंगेरा, इंद्र कुमार खुसऍपार, तामेश्वर निर्मलकर सांकरा, सुरीत निर्मलकर जगन्नाथपुर, दयालू राम निर्मलकर रानी तराई, संतोष निर्मलकर तरौद, प्रहलाद निर्मलकर रेवती नवागांव, गिरधर निर्मलकर, खैरतराई, गोपी राम निर्मलकर पाररास, रामानुज निर्मलकर मोहलाई, यादव राम निर्मलकर कमरौद, लीखन राम निर्मलकर भोथली, टाकेश कुमार निर्मलकर दरबारी नवागांव, दीपक निर्मलकर जुंगेरा शामिल हैं। इस राज के अंतर्गत कुल 19 गांव के सामाजिक जन शामिल हैं।

## मंगचुवा हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर 26 को

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार 26 मई को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के मंगचुवा के हाई स्कूल मैदान में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा में भीमपुरी, खैरकट्टा, चिलमगोटा, रेंगाडबरी, भीमाटोला, जुन्नापानी, तुरमुड़ा, करतुटोला दल्ली, करेंगांव, कमकापार, हितापठार, बड़ा जुंगेरा, कोड़ेकसा पीपरखार (ख) के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

## बोहारडीह में सेना के शौर्य पर तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत बोहारडीह मे भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्र निकाली गई, जो गांव के गलियों में भ्रमण करते हुए भारत माता की जयकारे की गई। इस अवसर पर सरपंच राजेंद्र कुमार साहू ने कहा कि भारतीय सेना ने जो शौर्य दिखाया है उस पर पूरे देश को गर्व है। देश की सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रओं का आयोजन किया जा रहा है। हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है, हमारी सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। तिरंगा यात्र के दौरान भारत माता की जय भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण एवं ग्रामीण सम्मिलित हुए।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**स्वस्थ व स्वावलंबी युवा, राष्ट्रप्रेम और सेवाभाव के विकास से जीवन संवारा जा सकता है**

# गायत्री परिवार के युवाओं ने निकाली व्यसन मुक्ति के लिए जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में 21 मई से आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया है जो 25 मई 2025 तक चलेगा । शिविर का उद्देश्य युवाओं को सुसंस्कृत कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है । जिसके लिए स्वस्थ युवा- सफल राष्ट्र, स्वालंबी युवा - संपन्न राष्ट्र, शालीन युवा - श्रेष्ठ राष्ट्र, और सेवाभावी युवा - सुखी राष्ट्र जैसे सूत्रों के द्वारा युवा आंदोलन किया जा रहा है । शिविर को संपन्न करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से टोली का आगमन हुआ है ।टोली नायक की भूमिका में दिलीप निर्मलकर रहे।

टोली के सह टोली नायक भोलेश्वर सिन्हा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युग निर्माण, व्यक्ति निर्माण से ही संभव है । गायत्री परिवार का यह ब्रह्म वाक्य शिविर की मूल भावना है । जैसे विशाल वट वृक्ष एक छोटे से बीज में छुपा होता है वैसे ही महामावन बनने की संभावना प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तित्व में होती है ।इमारतें और कारखाने तो कुछ संसाधन जुटाने पर आसानी से बनाया जा सकता है परंतु व्यक्ति का निर्माण सबसे कठिन और सबसे जरूरी काम है । आज देश पर्यावरण प्रदूषण भ्रष्टाचार जल संकट बेरोजगारी नशाखोरी और अराजकता जैसे कई समस्याओं से जूझ रहा है । इन सब का समाधान केवल युवा शक्ति ही कर सकती है इसी सोच के साथ यह शिविर लगाया गया है । जिसमें शिवरार्थीयों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास संबंधी उपयोगी जानकारी के साथ उनके मानसिक व शारीरिक विकास के साथ कई प्रकार के महत्वपूर्ण गतिविधियां सिखाई जा रही है । शिविर के तृतीय दिवस सभी शिवरार्थी भाई-बहन तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार दल्ली राजहरा के वरिष्ठ भाइयों ने मिलकर विशाल व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया जो गायत्री शक्ति पीठ से होकर माइन्स ऑफिस चौक होते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया । व्यसन मुक्ति रैली के माध्यम से युवा साथियों ने समाज में फैले हुए नशे जैसी महामारी के खिलाफ आवाज उठाया और आम जन समुदाय को जागरूक करते हुए उन्हें नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बताया । युवाओं ने प्रतीकात्मक रूप से नशेड़ी लाल की शव यात्रा निकाली थी जिसमें उसके पीछे उसका पूरा परिवार, उसके पत्नी, बच्चे रोते बिलखते चल रहे थे । रैली के बीच-बीच में युवा साथी नुक्कड़ नाटक किया करते थे जिससे समाज को बहुत महत्वपूर्ण संदेश गया । सभी शहर वासियों ने खूब सराहना किया । अंत में नशेड़ी लाल का दाह संस्कार कार्यक्रम किया गया और शहर के सभी उपस्थित जन समुदाय से हाथ उठाकर संकल्प करवाया गया कि हम आज से नशा नहीं करेंगे और अपने परिवार तथा संपर्क में आने वाले को भी नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए उन्हें नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे । अखिल विश्व गायत्री परिवार दल्ली राजहरा का पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।



